हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–125 : जौनपुर, शुक्रवार 13 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आजादी के लड़ाई में कायस्थ समाज ने दिया महत्वपूर्ण योगदान–सौरभ श्रीवास्तव विधायक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ कल्याण समिति जौनपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयन्ती एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन मंगलम लान मियांपुर में किया गया! समारोह की अध्यक्षता दयाल सरन श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष व संचालन विपनेश श्रीवास्तव महासचिव ने किया। मुख्य अतिथि वाराणसी कैंट के विधायक व सदस्य याचिका समिति व सचेतक विधानसभा उत्तर प्रदेश ने भगवान चित्रगुप्त जी महाराज व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज ने देश के सामाजिक आर्थिक राजनीतिक उत्थान के साथ साथ आजादी के लड़ाई में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।स्वामी विवेकानंद जी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी विपिन चन्द पाल जी डॉ जगदीशचंद्र बसु जी, देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद जी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे अनेक कायस्थ समाज के पुरोधाओं ने अपनी विद्यता और नेतृत्व कौशल से इस देश को एक नई दिशा दी विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि समस्त विश्व के सामने भारतीय संस्कृति और सभ्यता के शौर्य का डंका बजाने का श्रेय यदि किसी महापुरुष को जाता है तो वो हैं स्वामी विवेकानंद जी। शिकागो की धर्मसभा में अपने ओजस्वी भाषण के द्वारा हिंदुओं में स्वाभिमान और आत्मगौरव की भावना का जो संचार स्वामी जी ने किया था, उसे हिन्दू समाज कभी भूल नही सकता। सौरभ श्रीवास्तव जी ने कहा कि आज ही के दिन 12 जनवरी सन 1863 को स्वामी विवेकानंद जी का जन्म कोलकाता के प्रमुख अधिवक्ता श्री विश्वनाथ दत्त जी के यहां हुआ था। हम सभी जानते है कि इनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था, बाद में स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी से दीक्षित होने



के बाद एक नाम स्वामी विवेकानंद हुआ। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को कायस्थ कल्याण समिति मजबूत करने की शपथ दिलाई व युवा शाखा व महिला शाखा की टीम को भी शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार अस्थाना एवं संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव पप्पू जी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव व महामंत्री विपनेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ कल्याण समिति और मजबूत करने का प्रयास किया जायेगा और शीघ्र ही कल्याण समिति आपके द्वार कार्यक्रम सुरु कर सभी चित्रांश बंधुओं को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्रों में कार्य कर रहे अनेक चित्रांश बन्धुओं को एवं मेघावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चो बच्चियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर प्रदीप अस्थाना ई. आर . डी . श्रीवास्तव ,सुनील अस्थाना, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव डी ओ, कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव / जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया , ज्ञान चन्दश्रीवास्तव , सुशील श्रीवास्तव डा० रवि श्रीवास्तव आलोक रंजन सिन्हा राजेश श्रीवास्तव गौरव श्रीवास्तव गणतन्त्र श्रीवास्तव हरिशंकर श्रीवास्तव आनंद श्रीवास्तव संरक्षक इन्द्रशेन श्रीवास्तव संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव राजेश किशोर श्रीवास्तव एमएलसी प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव सरोज श्रीवास्तव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार श्रीवास्तव श्रीवास्तव संजय अस्थाना पत्रकार श्याम रतन श्रीवास्तव पत्रकार मनीष श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव रमेश श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव डॉ मधुलिका अस्थाना डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### गोरखपुर में विधुत विभाग के अधिकारियों की तानाशाही से परेशान विधुत उपभोक्ता

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सरहरी फिडर पर लोड अधिक लो वोल्टेज व अंत्य अधिक कटौती से परेशान विधुत उपभोक्ता सभी समस्याओ से अवगत कराने के बाद भी नहीं सुनते हैं विधुत वितरण खण्ड प्रथम के अधिकारी सिक्टौर फीडर की कुछ गांवों सरहरी फीडर से सप्लाई दी जा रही है जिसके कारण जीतपुर चौराहा औरहिया बिशनपुर चौराहा पावर कमर्शियल उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।और अत्यधिक सरहरी फिटर से कटौती के कारण ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो रहा है जिसके वजह से सभी ग्रामीण उपभोक्ता रोड जाम करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। जिसको अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है जो इस पर कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं बिजली का बिल लाइट आए या ना आए लेकिन विद्युत बिल बढ़ रहा है इनको बिल की चिंता रहती है लाइट देने से कोई मतलब नहीं है लाइट चले या न चले बिजली का बिल समय से जमा चाहिए।जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश में चौराहे चौराहे पर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसकी सूचना अवर अभियंता सुनील कुमार, सहायक अभियंता राहुल कुमार,अधिशासी अभियंता संदीप कुमार मौर्या विद्युत वितरण खंड प्रथम मोहद्दीपुर गोरखपुर ग्रामीणों को द्वारा सूचना दी गई है।

## थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा फर्जी दरोगा को नीली बत्ती लगी स्कार्पियों के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण एवं प्रभावी कार्यवाही अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामपुर श्री दिव्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.01.2023 को ग्राम पंचवल में जौनपुर भदोही मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान जनपद भदोही की तरफ से एक स्कार्पियो गाडी जिस पर लाल नीली बत्ती लगी हुई थी, आती दिखाई पडी, जिसको रोककर सम्मान पूर्वक व मर्यादित ढंग से उसमे बैठे पुलिस वाले से पूछताछ किया गया तो अपना नाम शैलेन्द्र कुमार भारद्वाज पुत्र स्व0 बाबूलाल नि0 ग्राम शीतल टोला पो0 आथर थाना नवानगर जिला बक्सर जिला बिहार बताया। उक्त व्यक्ति के संदिग्ध लगने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि मैं दरोगा की वर्दी पहन कर लाल नीली बत्ती लगी गाडी से निकलता हूँ और जनता में धौस जमाता था तथा गाडी और वर्दी का उपयोग से रात में रोड पर ट्रको को रोककर चेकिंग के बहाने पैसा वसूली करता था। आज आप लोगो द्वारा गहनता से चेकिंग के दौरान रोक लिया गया, मै अपने वर्दी के रूतबा में गाडी रोक दिया था ऐसे मै कई बार रोका गया लेकिन वर्दी व बत्ती का लाभ उठाकर निकल जाता था । उक्त अभियुक्त को हिरासत में लेकर थाना रामपुर पर




मु0अ0सं0 05 / 23 धारा 419/420/467/468/471/171 IPC थाना रामपुर जौनपुर पंजीकृत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. शैलेन्द्र कुमार भारद्वाज पुत्र स्व0 बाबूलाल नि0 ग्राम शीतल टोला पो0 आथर थाना नवानगर जिला बक्सर जिला बिहार । बरामदगी का विवरण– 1.एक स्कार्पियों गाड़ी JH 14 A 9005 लाल नीली बत्ती लगी । 2.एक हैण्डसेट मय चार्जर । 3.02 मोबाइल मय 02 सिम कार्ड । 4. कुल 10 आधार कार्ड भिन्न भिन्न । 5.03 मोहर मय पैड । 6.02 एटीएम कार्ड । 7.01 कार्ड भारत सरकार । 8.01 जोडी वर्दा उ0नि0 पद मय साज सज्जा के । गिरफ्तारी टीम– 1.थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह थाना रामपुर, जनपद– जौनपुर । 2.उ0नि0 शिवप्रकाश पाठक थाना रामपुर, जनपद–जौनपुर । 3.उ0नि0 मौरध्वज दुबे थाना रामपुर, जनपद–जौनपुर । 4.का0 सुरेन्द्र चौधरी, का0 आकाश चौहान, का0 अमृत चौधुर, का0 नीरज वर्मा थाना रामपुर, जनपद जौनपुर ।

## अयोध्या में रामभक्तों के स्वागत हेतु 65 करोड़ से बनेंगे 6 भव्य द्वार

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या रामनगरी को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी स्थापित करने से पहले मूलभूत सुविधाओं के विकास बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर तैयार कराए गये विजन डाक्यूमेंट के आधार पर एक–एक योजना को धरातल पर लाने का काम शुरू हो गया है। जन्मभूमि पथ– भक्ति पथ व राम पथ के बाद प्रवेश के सभी छह रास्तों पर प्रवेश द्वार निर्माण की तैयारी शुरू हो गयी है। प्रवेश द्वारों की डिजाइन सिक्स लेन, फोर लेन और टू लेन मार्गों को ध्यान में रख कर तैयार की जा रही है। ये द्वार शिलाओं से निर्मित होंगे। इन शिलाओं की खासियत राममंदिर में प्रयुक्त होने वाले पत्थरों की तरह होगी। एक प्रवेश द्वार की अनुमानित लागत दस से 15 करोड़ रुपये होगी। प्रवेश द्वार के पास ही सुव्यवस्थित धर्मशालाएं भी बनाई जाएंगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप रामनगरी को आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित किए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसी क्रम में रामनगरी की सीमा पर छह भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण प्रस्तावित है। इनकी डिजाइन तैयार कराई जा रही है। फिलहाल निर्माण से पहले भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से सहमति बन गयी है। पर्यटन विभाग ने रायबरेली रोड पर सरियावां के बाद अम्बेडकरनगर रोड पर राजेपुर गांव में भूमि की रजिस्ट्री के लिए काश्तकारों को राजी कर लिया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी व उपनिदेशक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस स्वीकृत योजना में आपसी सहमति से भूमि अधिग्रहण के लिए 98 करोड़ के बजट का प्रावधान किया। इसके सापेक्ष 25 करोड़ की राशि का आवंटन भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि रायबरेली व अंबेडकरनगर रोड के अलावा लखनऊ रोड पर फिरोजपुर, प्रयागराज रोड पर मोईनुद्दीन पुर, बस्ती रोड पर इस्माइलपुर व गोण्डा रोड पर कटरा भोगचंद के करीब तीन दर्जन किसानों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि राजेपुर गांव में सोमवार को रजिस्ट्री हो जाएगी। वहीं लखनऊ मार्ग पर मुमताज नगर और घाटमपुर के बीच छह सौ कमरों से युक्त, रायबरेली मार्ग पर मऊ यदुवंशपुर में दो सौ कमरे, प्रयागराज मार्ग पर मैनुद्दीनपुर में दो सौ कमरे, अंबेडकरनगर मार्ग पर दशरथ समाधि स्थल के निकट 250 कमरे, गोंडा मार्ग पर कटरा के पास 370 कमरे की धर्मशालाओं का निर्माण होना है। बनने वाले प्रवेश द्वारों के नाम लखनऊ–अयोध्या मार्ग : श्रीराम द्वार गोरखपुर दृ अयोध्या मार्ग हनुमान द्वार गोंडा– अयोध्या मार्ग : लक्ष्मण द्वार प्रयागराज– अयोध्या मार्ग : भरत द्वार अंबेडकरनगर– अयोध्या मार्ग : जटायु द्वार रायबरेली– अयोध्या मार्ग : गरुड़ द्वार।

## रोमांचक मुकाबले में वाराणसी ने मिर्जापुर को दी पटकनी

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ0प्र0 एवं जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में द्वारा इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पे आयोजित प्रदेशीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबला आज अपरान्ह 1.30 बजे जिलाधिकारीध्मुख्य अतिथि मनीष कुमार वर्मा के कर–कमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। 13 जनवरी 2023 को हुए कबड्डी मैच का विवरण इस प्रकार है – क्वार्टर फाइनल राउण्ड में पहला मुकाबला वाराणसी व आगरा के मध्य हुआ एकतरफा मुकाबले में वाराणसी ने आगरा को 24–08 से पराजित किया और सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। दूसरा क्वार्टरफाइनल मुकाबला आजमगढ़ व मेरठ के मध्य हुआ जिसमें आजमगढ़ 22–18 से विजेता घोषित हुई। संघर्षपूर्ण मुकाबले में दीपमाला ने आजमगढ़ के लिए सर्वाधिक अंक जुटाये। तीसरा क्वार्टर फाइनल सहारनपुर व लखनऊ के मध्य हुआ जिसमें सहारनपुर ने एकतरफा मुकाबले में लखनऊ को पराजित किया। सहारनपुर की ओर से अनु दूबे ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच देवीपाटन और विन्ध्याचल मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें एकतरफा मुकाबले में 4 के बदले 15 अंकों से विन्ध्याचल मण्डल विजयी हुई। विन्ध्याचल मण्डल से रागिनी ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। पहला सेमीफाइनल आजमगढ़ व वाराणसी के मध्य खेला गया, प्रारम्भिक दौर में आजमगढ़ की टीम ने वाराणसी से अच्छा संघर्ष किया परन्तु अंत में वाराणसी की टीम ने 07 अंकों के अंतर से आजमगढ़ को 23–16 से पराजित किया एवं वाराणसी की टीम फाईनल में स्थान पक्का किया। वाराणसी को फाइनल में जगह पक्का करने में खुशी सिंह ने अहम भूमिका निभायी। दूसरा सेमीफाइनल मैच सहारनपुर व विन्ध्याचल मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें रागिनी ने अपने अच्छे खेल के दम पर सहारनपुर को 10 अंकों से पराजित करने में अहम भूमिका निभायी, समय–समय पर विद्युत गति से रेड किया। रागिनी के खेल ने विन्ध्याचल मण्डल को फाइनल में प्रवेश दिलाया। आज का अंतिम और खिताबी मुकाबला विन्ध्याचल व वाराणसी के मध्य खेला गया जिसमें पहले हॉफ की समाप्ति पर 21–10 विन्ध्याचल की टीम वाराणसी से आगे था। मैच को देखकर लग रहा था कि फाइनल एकतरफा होगा परन्तु हॉफ टाइम में वाराणसी की





प्रशिक्षिका शिखा सिंह ने अच्छी रणनीति बनाते हुए टीम को दूसरे हॉफ खेलने के लिए भेजा जिसका परिणाम यह रहा कि वाराणसी ने दूसरे हॉफ में 21 अंक अर्जित किये एवं विन्ध्याचल मण्डल की टीम ने मात्र 10 अंक अर्जित किया। इस प्रकार मुकाबला मैच समाप्त होने पर दोनो टीमों का अंक 31–31 था इस प्रकार मैच बराबरी पर छूटा। कबड्डी के नियमानुसार निर्णायकों ने निर्णय लिया कि फाइव रेड नियम के तहत आगे का मुकाबला सम्पन्न कराया जायेगा। फाइव रेड मुकाबले में वाराणसी ने 7 अंक अर्जित किये तथा विन्ध्याचल मण्डल ने 05 अंक अर्जित किये। इस प्रकार संघर्षपूर्ण मुकाबले में वाराणसी ने विन्ध्याचल मण्डल को 38–36 से पराजित कर खिताब जीतने का गौरव प्राप्त किया। विन्ध्याचल मण्डल से आंचल व रागिनी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की वाहवाही लूटी। वाराणसी टीम को विजेता कराने में वाराणसी टीम की व्यूह रचना व रणनीति ने वाराणसी को विजेता होने का गौरव दिलाया। वाराणसी के लिए खुशी सिंह, सोनाली कनौजिया और सिमरन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। फाइनल मैच के अंत तक यह कहना असंभव था कि कौन सी टीम विजेता होगी। दोंनो ही टीमों ने हार–जीत से परे होकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि को बुके प्रदान कर क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह के साथ ही पी0 के0 पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष कबड्डी संघ, सुरेश सिंह, चेयरमैन रेफरी बोर्ड, रविचन्द्र यादव, सचिव जिला कबड्डी जौनपुर थे। मुख्य अतिथि द्वारा कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सड़क निर्माण करने के लिए ठेकेदार ने खोद डाला खेत : गेंहू की फसल नष्ट

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील के हलियापुर–सुल्तानपुर संपर्क मार्ग के पूरे जगत तिवारी हेमनापुर गांव को जाने वाली सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग कर रहा है। सड़क का निर्माण कार्य किया जाना है। आरोप है कि ठेकेदार ने बिना किसान को बताए रात में बुलडोजर की मदद से गेहूं खेत की मिट्टी निकालकर सड़क पर डाल दिया। ऐसे में खेत में बोई गेहूं की फसल नष्ट हो गई। साथ ही सात से आठ फिट का गड्ढा हो गया है। विभाग मुआवजा देने से इनकार कर रहा है।पूरे जगत तिवारी गांव निवासी विजय कुमार दुबे ने डीएम व



एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि हलियापुर–सुल्तानपुर रोड़ के पूरे जगत तिवारी हेमनापुर गांव तक सड़क का निर्माण होना है। सड़क उनके खेत से होकर जा रही है। बताया कि ठेकेदार ने उनके खेत से मिट्टी निकाल लिया। इसकी जानकारी उनको नहीं दी गई। रात के अंधेरे में यह काम किया गया। ऐसे में उनकी बोई फसल नष्ट हो गई। खेत की मिट्टी भराई का काम भी उनको करना पड़ेगा। बताया कि इसके लिए विभाग मुआवजा भी देने के लिए तैयार नहीं है। पीड़ित ने मामले को लेकर डीएम व एसडीएम से मदद मांगी है। उनका आरोप है कि ठेकेदार भी मुआवजा की मांग पर धमका कर भगा रहे हैं। जेई ने बताया कि ठेकेदार की गुणवत्ता देखना हमारा काम है। वह कैसे और कहां से मिट्टी ला रहा है। यह देखना नहीं है। किसान को परेशानी है तो हमारे अधिकारियों से बात करें।वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आफताब आलम ने कहा कि किसान अपने दस्तावेजों के साथ कार्यालय में शिकायत करें। समस्या का निदान कराया जाएगा।

## युवा सप्ताह प्रतियोगिता आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नारसन, हरिद्वार। जामिया पब्लिक स्पोर्ट्स क्लब टांडा बनेड़ा बैनर तले नेहरू युवा केंद्र हरिद्वार द्वारा संचालित युवा सप्ताह केंद्र मनाया गया। जिसके अंतर्गत भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विवेकानंद के जीवन पर छात्र छात्राओं ने प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनीस अहमद जिला पंचायत सदस्य टांडा बनेड़ा द्वारा किया गया।




अवसर पर उन्होंने विवेकानंद के विचारों को छात्र छात्राओं के बीच व्यक्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। भाषण में मोहम्मद कैफ ने प्रथम स्थान ईशा ने द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान अंजुम ने प्राप्त किया वही चित्रकला में जन्नत में प्रथम स्थान उस राह ने द्वितीय स्थान तृतीय स्थान शगुन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बुरान अहमद, संरक्षक एहसान अहमद ने प्रतियोगिता में अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। जिसमें युवा प्रतिभावान रग्बी खिलाड़ी शिवानी पाल, मनोज कटारिया, अब्दुल रहमान शामिल थे। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रधानाचार्य मोहम्मद साकिब जामिया पब्लिक स्कूल, मोहम्मद शमशाद डॉक्टर रईस, डॉ आलोक कुमार द्विवेदी, मोहम्मद याकूब मोहम्मद आसिफ मोहम्मद अशफाक अब्दुल रहमान हिमांशु सागर मनोज कटारिया, ज्वाला मौर्य योगदान रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जीवन में कुछ भी पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# बीसीसीआई : प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ अन्याय क्यों?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सिलेक्शन प्रोसेस पर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। बीसीसीआई के सेलेक्टर्स पिछले कुछ समय से आलोचकों के निशाने पर रहे हैं, क्योंकि अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को सेलेक्टर्स प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठा रहे हैं, जबकि कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें बार–बार मौका मिल रहा है।

सोशल मीडिया पर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं कि पृथ्वी शॉ, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को कब तक अपने आप को साबित करना पड़ेगा? उन्हें वह मौके क्यों नहीं मिल रहे हैं, जिसके वे हकदार हैं, जबकि के.एल. राहुल जैसे खिलाड़ियों को बार–बार टीम में खिलाया जा रहा है।

पृथ्वी शॉ का रणजी में जबरदस्त प्रदर्शन

सबसे पहले पृथ्वी शॉ की बात करते हैं। अंडर–19 में भारत को वर्ल्ड कप जिताने वाले पृथ्वी शॉ को एक समय सचिन तेंदुलकर का विकल्प बताया गया था। बेहद कम उम्र में उन्होंने कई कीर्तिमान स्थापित किए। यहां तक सचिन तेंदुलकर ने स्वयं उन्हें अपने घर पर आमंत्रित किया था।

पृथ्वी शॉ को कुछ समय टीम इंडिया में मौका भी मिला और उनका परफॉर्मेंस ठीक–ठाक रहा। 5 टेस्ट में पृथ्वी शॉ ने दो अर्द्धशतक और एक शतक लगाया। शॉ को केवल 6 वनडे और एक टी–20 मैच में मौका दिया गया। इस प्रतिभावान खिलाड़ी को बीसीसीआई ने तब से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से करीब–करीब दूर रखा है, जबकि उनका घरेलू मैदानों में रिकॉर्ड बेहतरीन है।

फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 40 मैचों में पृथ्वी 3244 रन बना चुके हैं। आईपीएल समेत दूसरे घरेलू टी–20 के 92 मुकाबलों में उन्होंने 2401 रन बनाए हैं और वह बेहद आक्रमक खिलाड़ी के रूप में जाने जाते हैं।

अभी पृथ्वी ने एक और कीर्तिमान रणजी ट्रॉफी में अपने नाम कर लिया है। असम के खिलाफ उन्होंने 383 रनों की पारी खेली, यह रणजी का अब तक का दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। करीब 74 साल पहले 1948 में महाराष्ट्र की ओर से ही खेलते हुए भाऊसाहेब निंबलकर ने रणजी की एक पारी में 443 रन बनाए थे।

पृथ्वी रणजी की एक पारी में 350 रन बनाने वाले नौवें खिलाड़ी बन गए हैं। लेकिन, जब टीम में सिलेक्शन की बात आती है तो पृथ्वी न वनडे में दिखते हैं, न टेस्ट में और न ही टी–20 में। यह प्रतिभावान खिलाड़ी केवल घरेलू क्रिकेट खेलकर अपना काम चला रहा है।

रणजी में ऐतिहासिक पारी खेलने के बाद पृथ्वी का दर्द छलका। उन्होंने कहा कि दो साल से उन्हें टीम इंडिया में शामिल नहीं किया गया है। जो लोग आपको जानते भी नहीं हैं, वो आपको आंकते हैं।

अच्छे खेल के बाद भी सूर्यकुमार टीम से बाहर

सूर्यकुमार यादव से तो कौन परिचित नहीं है। उनकी धमाकेदार पारियों के केवल भारतीय क्रिकेट प्रेमी ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रेमी कायल हैं, पर जो स्थान सूर्यकुमार यादव को टीम में मिलना चाहिए, वह कहीं नदारद है। श्रीलंका के खिलाफ टी–20 मैच में उन्होंने शतक लगाया, लेकिन श्रीलंका के विरुद्ध पहले वनडे में बाहर बैठा दिया गया। यह पहला मौका नहीं है, जब उनके साथ ऐसा हुआ है।

सूर्यकुमार के रिकॉर्ड्स पर नजर डालें तो पाएंगे कि वह पहले ऐसे गैर ओपनर बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टी–20 क्रिकेट में 3 शतक लगाए हैं। छक्के लगाने में तो उनका गजब का रिकॉर्ड है। उन्होंने टी–20 इंटरनेशनल में 860 गेंदों का सामना किया है और हर 9.5वीं गेंद पर एक छक्का लगाया है। वो घरेलू टी–20 में 235 और टी–20 इंटरनेशनल में 92 छक्के लगा चुके हैं।

फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अब तक सूर्यकुमार ने 5549 और आईपीएल समेत घरेलू टी–20 मैचों में 5801 रन बनाए हैं, लेकिन बेहद आश्चर्य की बात है कि इस होनहार क्रिकेटर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आने में लंबा समय लग गया।

आज भी वह केवल टी–20 और वनडे क्रिकेट में मौका पा रहे हैं। अच्छी पारियां खेलने के बाद भी सूर्यकुमार यादव को टीम में उचित मौका नहीं मिल रहा और बीसीसीआई की इस बात को लेकर घोर आलोचना भी हो रही है।

सूर्यकुमार यादव ने एक इंटरव्यू में मजाकिया लहजे में कहा था कि मैं तो हर पोजीशन पर बैटिंग करने के लिए तैयार हूं, बस मुझे टीम में शामिल कर लिया जाए। वह मजाक में भले कह रहे थे, लेकिन उनका दर्द साफ झलक रहा था।

ऐसा ही एक और नाम ईशान किशन का है। ईशान किशन ने पिछले दिनों बांग्लादेश में वनडे मैच में डबल सेंचुरी लगाई और देश में हीरो बन गए, लेकिन बांग्लादेश से लौटे और प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के लिए जूझ रहे हैं। ईशान किशन को क्यों मौका नहीं मिल रहा है? इसका कोई भी स्पष्ट जवाब बीसीसीआई की तरफ से नहीं दिया जाता।

प्लेइंग इलेवन की राह मुश्किलों भरी

पृथ्वी शॉ, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के अलावा कई और खिलाड़ी हैं, जो बीसीसीआई की उपेक्षा का शिकार रहे हैं। टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में आने लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़ा है। जैसे दिनेश कार्तिक, उन्हें वह मौके नहीं मिले, जिसके वो हकदार थे। कुलदीप यादव का टीम में आना–जाना लगा हुआ है, जबकि उनकी परफॉर्मेंस काफी अच्छी रही है। प्रतिभावान स्पिनर रवि विश्नोई को थोड़ा सा मौका मिला और फिर उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

संजू सैमसन एक ऐसा ही नाम हैं, जिन्हें प्रतिभा का पावरहाउस कहा जा सकता है, लेकिन वो टीम में आने के लिए छटपटाते रहते हैं। पिछले दिनों युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी को खिलाया गया। उन्होंने अच्छा परफॉर्म किया और फिर वह टीम के बाहर बैठ गए। शिवम मावी ने मैच के बाद कहा था कि छह साल के लंबे इंतजार के बाद उन्हें टीम में मौका मिला। अब आगे उन्हें क्यों नहीं खिलाया गया, यह समझ से परे है।

किस आधार पर होता है सिलेक्शन?

सिलेक्शन का क्या प्रोसेस है? इस पर बीसीसीआई करीब–करीब मौन रहती है। कभी यह नहीं बताया जाता कि खिलाड़ियों के सिलेक्शन का आखिर पैमाना क्या है? लेकिन, कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिन्हें टीम में लगातार मौके मिल रहे हैं। इनमें के.एल. राहुल का नाम सर्वाधिक लिया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं है कि के.एल. राहुल एक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनका बल्ला खामोश ही चल रहा है। यदि उनकी पिछली 10 पारियों को देखा जाए तो वह कोई मैच विनिंग पारी नहीं खेल पाए हैं। अधिकांश मैचों में उनका प्रदर्शन साधारण रहा है। जब भी टीम को जरूरत होती है तो वह सस्ते में आउट होकर चले आते हैं।

क्रिकेट भारत का नंबर वन खेल है, इसमें सरकारी दखल भी नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड एक स्वतंत्र इकाई की भांति काम करता है। क्रिकेट प्रेमियों को यह हक है कि वो बीसीसीआई के निर्णयों पर सवाल उठाएं, आखिरकार वहीं तो हैं, जिनके चलते बीसीसीआई क्रिकेट की दुनिया पर राज कर रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# स्वामी विवेकानंद जी के 160वें जन्मदिवस पर दी गई पुष्पांजलि –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 12 जनवरी 2023 भीम ब्रिगेड ट्रस्ट, राष्ट्रीय सैनिक संस्था, प्रकृति भक्त फाउंडेशन ,यूथ एंड स्पोर्ट्स भगत सिंह गुरुकुल, शिक्षा अभियान एनजीओ नंगली द्वारका मोड़ पर स्वामी विवेकानंद जी के 160वें जन्मदिवस पर गुरुकुल में पुष्पांजलि दी गई स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 कोलकाता में हुआ था विवेकानंद जी की साहित्य और दर्शन में विशेष रुचि थी, तैराकी घुड़सवारी और कुश्ती उनका शौक था स्वामी जी ने तो 25 वर्ष की उम्र में ही वेद, पुराण, बाइबल ,कुरान ,धम्मपद, तनख, गुरु ग्रंथ साहिब, दास कैपिटल, पूंजीवाद, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, साहित्य संगीत और दर्शन की तमाम तरह की विचारधारा को घड़ दिया था जैसे –तैसे बड़े होते गए सभी धर्मों और दर्शनों के प्रति अविश्वास से भर गए।संदेहवादी, उलझन और प्रतिवाद के चलते किसी भी विचारधारा में विश्वास नहीं किया। स्वामी विवेकानंद वेदांत के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे उन्होंने अमेरिका के शिकागो में सन् 1883 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानंद जी के कारण ही पहुंचा उन्होंने राम कृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी काम कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय




मॉडल हितेश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी पर गुरुकुल के बच्चों के सामने एक खूबसूरत सोलो एक्ट पेश किया। राजीव जोली खोसला गुरुकुल चला रहे करण सिंह के साथ मिलकर सुशील खन्ना और राजेश शर्मा जी के सहयोग से पुष्पांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया व सभी गुरुकुल के बच्चों को प्रशासनिक पत्र भी दिए और गुरुकुल चलाने वाले करण सिंह की प्रशंसा भी की उन्होंने यूथ एंड स्पोर्ट्स भगत सिंह गुरुकुल का संचालन 6 वर्षों से कर रहे हैं वह आज के बच्चे कल का भविष्य को गरम दल क्रांतिकारी वीरों की गाथाएं सुनाई। कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम ,सिख ,ईसाई सभी धर्मों के राष्ट्र भक्तों ने भाग लिया गुरुकुल के बच्चों ने भी राष्ट्रभक्ति की कविताएं प्रस्तुति की सुखविंदर सिंह सिद्धू ,एजे राजन, युसूफ सिद्धकी, लोकेश शर्मा, नवीन शर्मा ,अश्वनी जी ,संदीप गुड़ियाल, बलविंदर खोसला, डीके मेंदीरत्ता और सैकड़ों गुरुकुल से जुड़े हुए सदस्यों ने भाग लिया व प्रसाद वितरण किया।

# लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल की एक आम सभा बैठक रामलीला ग्राउंड ऐशबाग लखनऊ में अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक का संचालन वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र ने किया। लखनऊ व्यापार मंडल के व्यापारियों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया नववर्ष की बधाई दी. इस मौके पर सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। बैठक के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल चेयरमैन हरिश्चंद्र अग्रवाल अनिल बरमानी जी को को पुष्पगुच्छ एवं वस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर व्यापारियों ने पूरी टीम की तरफ से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र को सम्मानित किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि बनवारी कंछल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। व्यापार मंडलों में सदस्यता अभियान हर वर्ष होना चाहिए संगठन को निरंतर मासिक बैठक होनी चाहिए नगर की बैठकों को हर सेक्टर में जाकर के बैठक करनी चाहिए ताकि व्यापारी की समस्या सामने आ सके हम ने सरकार से मांग की है कि जो इनकम टैक्स की लेट फाइन है उसे कम किया जाए खाद्य लाइसेंस आजीवन के लिए बनाए जाएं। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल नगर अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता चेयरमैन हरिश्चंद्र अग्रवाल अनिल विरमानी सचेतक सतीश शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल संसदीय महामंत्री विनोद अग्रवाल महामंत्री अभिषेक खरे पवन मनोचा अनुराग मिश्रा सुहेल हैदर अल्वी उमेश शर्मा युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता युवा वरिष्ठ महामंत्री अरविंद पाठक महामंत्री प्रियंक गुप्ता व्यापार मंडल के संरक्षक मदन गोपाल



गुप्ता अनिल अग्रवाल मुख्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता अशोक मोतियानी अनिल बजाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार वर्मा श्याम कृष्णानी नीरज जौहर उत्तम कपूर सीपी अग्रवाल जितेंद्र चौहान उमेश पाटिल राजकुमार भगवानी राकेश छाबड़ा पम्मी रविंद्र गुप्ता मोहम्मद हसीब बबलू विजय कुमार विजय कुमार छाबड़ा सुशील तिवारी सोनू पंडित बंटी अबरोल इरफान अंसारी इरफान अंसारी राजेंद्र प्रसाद दुबे संदीप कांत राजन पुनीत अग्रवाल संजय कपूर आरिफ खान अमित अग्रवाल शेख राय परवेज अहमद महेश प्रसाद गुप्ता मनीष वर्मा सतनाम सिंह सोनू तिवारी संदीप कांत राजन बद्रीनाथ गुप्ता लोक राम अग्रवाल दाऊद अग्रवाल संजय गुप्ता नीरज कोचर नीरज गुप्ता धीरेंद्र कुमार अवस्थी सतपाल मीत तरुण साहनी मनविंदर सिंह यादव विनोद यादव सुधीर कुमार संजय जयसवाल विकास जैन त्रिलोक त्रिलोक सिंह मनीष वर्मा आशीष अग्रवाल नरेंद्र पाल राजा चंद्र कुमार शर्मा विजय शर्मा अरविंद चौबे उमेश मिश्रा नवीन गुप्ता सुरेश रस्तोगी प्रशांत अग्रवाल सचिन अग्रवाल अनूप बगड़िया मोनू अग्रवाल विजय शर्मा सदर वसीउद्दीन महेश गुप्ता सरवन विजय सन्मुख उमेश गुप्ता राजेंद्र सिंह बग्गा दीपक बाजपेई सुनील गुप्ता रंजीत गुप्ता तरुण साहनी राजीव अग्रवाल प्रेमचंद यादव प्रमोद अवस्थी पहलाद राजपूत रविंद्र आनंद दिनेश मित्तल विनोद यादव त्रिलोक सिंह सुसीम बाजपेई जितेंद्र कनौजिया सुरेश कुमारी जी अकरम अंसारी मनीष वर्मा मुकेश गुलाटी जी अनुराग साहू कमलेश यादव शेर सिंह चौहान विनोद अग्रवाल राकेश अग्रवाल शेखर विनय गुप्ता जोगी मनीष अरोड़ा के साथ सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## भारतीय नागरिक परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय नागरिक परिषद द्वारा स्थानीय होटल गोमती में विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती संयुक्ता भाटिया महापौर लखनऊ ने किया विशिष्ट अतिथि अभय जी धर्म जागरण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर प्रदेश, कुलदीप त्रिपाठी अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार शैलेंद्र दुबे महामंत्री विद्युत पावर इंजीनियर एसोसिएशन की गरिमामय उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ इस अवसर पर संबोधित करते हुए संयुक्ता भाटिया महापौर ने कहा कि स्वामी जी ने कहा था कि उपनिषदों के सत्य तुम्हारे सामने हैं उन्हें स्वीकार करो उनके अनुसार अपना जीवन बनाओ और इसी से शीघ्र ही भारत का उद्धार होगा स्वामी जी के यह सत्य वचन आज समर्थ भारत का निर्माण कर रहे हैं। अभय जी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं के चरित्र निर्माण में स्वामी जी के वचनों का महत्वपूर्ण योगदान है उनके जैसी विभूतियां राष्ट्र की आत्मा को झंकृत करती है कार्यक्रम की उपस्थिति अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद थे उनमें से



प्रमुख हरि शरण मिश्रा एसवडी मिश्रा अध्यक्ष यूनियन बैंक कर्मचारी संगठन ओम प्रकाश पांडेय हरेंद्र नाथ पांडेय रुपेंद्र उपाध्याय वाई के अरोड़ा शशि कुमार मिश्रा, आनंद मिश्रा,ओमप्रकाश उप्रेती, हेमा उप्रेति जगदीश अटल राजू वाल्मिकी अशफाक बेग मोहम्मद जुनेद राम कुमार अमर कुमार राज कुमार रजत कुमार नंदनी मिश्रा मनोज मिश्रा सतेंद्र ठाकुर नम्रता सिंह अजय तिवारी वरुण शर्मा विनय तिवारी बलदेव शर्मा अन्य सभी उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री अध्यक्ष द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन करुणेश शुक्ला ने सफलतापूर्वक किया।

# श्रीमद्जगद्गुरु रामानन्दाचार्य जी के 723वें जयंती समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : श्रीमद्जगद्गुरु रामानन्दाचार्य जी के 723वें जयंती समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां विशाल संख्या में आये लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज एक ओर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को जोड़ने वाली ताकत काम कर रही है, जिसमें बिना भेदभाव के समाज के हर तबके को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक वैभव को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य हो रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद और अराजकता से देश को मुक्त करने का कार्य हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग देश को तोड़ने के नाम पर षडयंत्र रच रहे हैं। वे जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को तोड़ने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे तत्वों से सावधान रहना होगा। मध्यकाल के आक्रांताओं को भक्ति के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब दिया मुख्यमंत्री ने कहा कि सात सौ साल पहले साधना की ऊंचाइयों को प्राप्त करने वाले श्रीमद्गुरु रामानन्दाचार्य ने हर परंपरा को, फिर चाहे वो सगुण हो या निर्गुण, सभी को जोड़कर मध्यकाल के आक्रांताओं को भक्ति के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसी के कारण आज का भारत बचा हुआ है। कार्यक्रम ऐसे अवसर पर आयोजित हो रहा है, जब हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने जिन पंचप्रण की बात की है उनमें एक प्रण है गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करना। विरासत के प्रति सम्मान का भाव पैदा करना। विलक्षण विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का ये एक महान अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि जगद्गुरू रामानन्दाचार्य ने एक संदेश दिया था, "जाति–पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई"। जगद्गुरू रामानन्दाचार्य ने जो कुछ भी किया लोक कल्याण के लिए किया। उस काल खंड में जब बर्बर हमले हो रहे थे। धर्म असुरक्षित था, समाज में वैमनस्यता के बीज बोए जा रहे थे। तब उन्होंने समाज के अलग अलग समूहों को जोड़कर अद्भुत कार्य किया था। भक्ति की सभी परंपराओं को जोड़कर अलग अलग जगह अपने विशिष्ट और उत्कृष्ट शिष्यों को भेजकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उस विलक्षण विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का ये एक महान अवसर है। इस अवसर पर डॉ रामकमल दास वेदांती, महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास जी महाराज, स्वामी सर्वेश्वरशरण जी महाराज, काशी वैष्णव संत समाज के पदाधिकारीगण, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल और दयाशंकर मिश्र दयालू, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी और सौरभ श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# गंगा विलास रिवर क्रूज उद्घाटन के साथ नये युग में प्रवेश करेगी काशी : योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : काशी से डिब्रूगढ़ के लिए रिवर क्रूज गंगा विलास के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर गुरुवार को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में सुर सरिता– 'गंगा की स्वर समता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति रहीं। इस दौरान मशहूर गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने संगीत की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शुक्रवार से काशी एक नये युग में प्रवेश करने जा रही है। काशी भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जग विख्यात है। पूर्वी जलमार्ग से जुड़ चुकी है काशी मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी ने विगत 8 साल में अपनी पुरातन आत्मा को बनाए रखते हुए एक नये कलेवर में अपने आप को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के सबसे बड़ेे केंद्र के साथ ही अब काशी थल और नभ मार्ग के साथ साथ जलमार्ग से जुड़ने के लिए तैयार है। 52 दिनों की तीन हजार किलोमीटर की दूरी की यात्रा यहां से प्रारंभ हो रही है। जलमार्ग के साथ हम न केवल यात्री सेवा बल्कि कार्गो सेवा को भी यहां से प्रारंभ कर पाएंगे। हमारे पास चैलेंज था कि यूपी लैंड लॉक स्टेट है, लेकिन प्रधानमंत्री के कारण आज पूर्वी जलमार्ग से काशी जुड़ चुकी है। पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी क्रूज यात्रा मुख्यमंत्री ने गंगा विलास क्रूज यात्रा के सभी स्वीडिश यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस यात्रा के साथ ही उन्हें पर्यटन, एडवेंचर और जलमार्ग का रोमांचकारी आनंद मिलेगा। साथ ही भारत के आतिथ्य और सत्कार सेवाओं का भी वे अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि ये क्रूज यात्रा काशी ही नहीं, बल्कि भारत के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी।

# स्वामी विवेकानंद 19 वीं शताब्दी के सबसे महान महापुरुष थे –कृष्ण मोहन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मंडल तथा सामजिक समरसता जिला हरदोई द्वारा आश्रम हुसैनापुर धौकल में आयोजित स्वामीविवेकानंद जयंती व मूर्ति अनावरण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रान्त संघ चालक कृष्ण मोहन के द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना के उपरांत स्वामी जी की मूर्ति अनावरित कर प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर सामूहिक ईश प्रार्थना कर सभी के मंगल की कामना की गई। बौद्धिक श्रंखला का प्रारम्भ शाहजहाँपुर से आये रवि वर्मा के संचालन में जिला सह समरसता प्रमुख नीरज श्रीवास्तव के उद्बोधन से हुआ। इसी क्रम में व्यवस्थापक यमुनाप्रसाद, शिक्षक प्रेम कुमार, योग प्रशिक्षक मोहित, रजनीश सक्सेना, डॉक्टर रविलाल, योग प्रशिक्षक कुलदीप गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद जी पर अपने विचार रखे। इनके उपरांत संस्थाध्यक्ष आचार्य अशोक ने स्वामी जी के जीवन से जुड़ी तमाम घटनाओ से हमे परिचित करवाया व समाज मे फैली एक सांस्कृतिक व मानसिक गुलामी से मुक्त होने के लिये प्रेरित किया उन्होनें हमे बताया कि अपने जीवन का उत्थान हमे अपने ऋषियों महत्माओ व विद्वतजनो के अनुसरण से ही सम्भव है व अपने जीवन के उत्थान के लिये हमे ध्यान को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा उन्होने कहा कि हमे स्वयं को संसार के तमाम निरीह व कष्टो से ग्रस्त प्राणियो के दुख दर्दो मे उनका हित करे। मध्य में योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना, माही सिंह, अभिनव सिंह, रोहित वर्मा जी ने गीत व भजन के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण मोहन ने अपने वक्तव्य के माध्यम से आचार्य अशोक जी व सभी सत्संगी बंधुओ व कार्यक्रम मे उपस्थित सभी स्वयंसेवकों का सफलतम कार्यक्रम की शुभकामनाये प्रेषित की।कहा कि भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। स्वामी जी भारत में 19वीं शताब्दी के सबसे महान महापुरुष थे और युवाओं की शक्ति में दृढ़ विश्वास रखते थे। युवा मन नई उमंगों, नये उत्साह, नई कल्पनाओं और नये विचारों से परिपूर्ण होता है। यह अवस्था उसके सपने बुनने और उन्हें साकार करने के लिए मार्ग तय करने की होती है। यही वह समय होता है जिसमें उसका भविष्य निर्धारण होता है और ऐसे समय किसी भी प्रकार की चूक उसके भविष्य पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर देती है। लक्ष्य




की प्राप्ति के प्रति दृढ़ संकल्प, लगन और सतत प्रयास की आवश्यकता होती है। जरूरत केवल अपनी प्रतिभा और अपनी सृजनात्मक क्षमता का सही दिशा में सही तरीके से उपयोग करने की होती है। कहा कि हमे स्वामी जी के आदर्शो को अपने जीवन मे आत्मसात करना होगा तभी हमारा यह भारत देश पुनः विश्व गुरु की भाँति इस सम्पूर्ण विश्व को मार्गदर्शन प्रदान करने मे सक्षम हो सकेगा। उन्होने स्वामी जी के जीवन की उन तमाम प्रेरणा प्रद घटनाओ के माध्यम से हमे उनके नैतिक आचरण के हमे दर्शन करवाये व हिन्दू समाज को इसी तरह एकजुट रहने के लिये प्रेरित किया उन्होने आद्य सरसंघचालक डॉक्टर हेडगेवार, माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरु जी व संघ के उन तमाम विचारको का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि कैसे यह गुलामी से जकड़ी हुई भारत भूमि को इन विचारको व प्रचारको ने मुक्त कराया व इस समाज को एक नई दिशा मे कार्य करने को प्रेरित किया।सुख, समृद्धि, मानवता, दया क्षमा, सहयोग व सहायता को निस्वार्थ अपनाना हिंदुत्व है। जीवन को धन्य बनाने वाले इन सभी तत्वों का विस्तृत ज्ञान वेदों में उपलब्ध है। इसलिए ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ भंडार वेदों में है। उन्होनें कहा कि आज शिव सत्संग मंडल के आचार्य अशोक उन्हीं आदर्शो को आत्मसात कर सन्त परम्परा को आगे बढ़ाने मे संघर्षरत हैं। इसी क्रम में खण्ड संघचालक संजय मोदी ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला और ध्यान के माध्यम से अपने जीवन स्तर को उच्च करने के लिये प्रेरित किया। बौद्धिक श्रंखला के उपरांत अनुराग श्रीवास्तव, योगेन्द्र यादव , शिक्षक नेता प्रभाकर बाजपेयी व उनके साथ पधारे उनके युवा साथियों ने प्रांत संघ चालक कृष्ण मोहन , खण्ड संघ चालक संजय मोदी , नगर संघ चालक डॉक्टर विक्रम सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी रहे सत्संगी देव सिंह, रामकुमार, कुलदीप, प्रदीप, राम निवास, मोहित, रोहित, शोभित, सुनील गुप्ता, स्वामीदयाल, रामलखन, रेशमा रमाकान्त, भैयालाल आदि रहे। कार्यक्रम में पधारे स्वयंसेवक बंधुओं में अपने नगर कार्यवाह अनूप गुप्ता, नगर विद्यार्थी विस्तारक ध्यान वर्धन , सुवीन , विशाल जी, देवेश जी, कुलदीप गुप्त, सुनील गुप्ता, रमाकांत मौर्य, महावीर सिंह आदि स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारी के असामयिक निधन पर शोक सभा का किया गया कई जगह आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड शाहगंज के ग्राम पंचायत दाखा पश्चिम में तैनात सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार गौतम(48) की सड़क दुर्घटना में दिनांक 12 जनवरी 2023 को असामयिक निधन हो गया। यह खबर सुनते ही जनपद के सफाई कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने शोक सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन धारण किया। जिला अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी जिला मंत्री शिवकुमार यादव ने कहा कि मुकेश कुमार गौतम के असामयिक निधन से हमारे सफाई कर्मचारी परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। स्व0मुकेश कुमार जी अपने पदीय दायित्वों के प्रति ईमानदारी और कर्मठता से लगे रहते थे उनका व्यक्तित्व बहुत ही मिलनसार था। उनके परिजनों के प्रति संगठन की गहरी संवेदना है, उनके परिवार के साथ हर सुख दुख की घड़ी में संगठन सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान कई विकास खंडों में सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं ब्लाक कार्यालय के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए, शोक सभा के दौरान सभी महानुभाव ने एक स्वर से हर संभव मदद करने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रीतम यादव,अजय कुमार श्रीकेश त्रिपाठी,बाबुल नाथ तिवारी, जयराम चौरसिया, दिवाकर गौतम, पवन



कुमार, श्रीनाथ, अतुल सिंह, संजय यादव, उमेश गौतम पंचम बिंद, छोटेलाल यादव मोहनलाल गौतम, राममूर्ति गौतम, जगदीश चंद्र, विनोद सक्सेना,राजपति, छेदीलाल गौतम राजबहादुर यादव, दानबहादुर, जंगबहादुर यादव, सुरेंद्र सरोज, रविंद्र कुमार, रमापति यादव, संतोष राय, नीलकमल यादव, राजेंद्र प्रसाद गौतम, कपिलदेव यादव, रामचरण पाल,विनोद गौतम, बालकृष्ण यादव, रविंद्र प्रताप संघप्रिय बौद्ध, भानुप्रताप यादव रामचंद्र मौर्य, विनोद यादव, संजय गौतम, आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त हुए समीर



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ मध्य जोन के चेयरमैन पवन गुप्ता द्वारा युवा नेता समीर श्रीवस्तव को उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, शिप्रा अवस्थी, ममता चौधरी आदि ने आभार वयक्त किया।

### थाना सिंगरामऊ पुलिस टीम द्वारा 01 किलोग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश में अपराध एंव अपराधियो व वांछित /वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मय हमराह के देखभाल क्षेत्र व गश्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभि0 राजेन्द्र चौहान पुत्र इन्द्रजीत चौहान निवासी करनपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 55 वर्ष को 01 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ सिरकिना पुल से दिनांक 13.01.2023 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–04/23 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त–1. राजेन्द्र चौहान पुत्र इन्द्रजीत चौहान निवासी करनपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 55 वर्ष बरामदगी– एक किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद। गिरफ्तारी करने वाली टीम – 1.थानाध्यक्ष श्री कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 श्री ओमप्रकाश राम थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 3.हे0का0 बाबूलाल यादव थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 4.का0 दीलिप कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 5. का0 भीम कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 6. का0 विमलेश यादव थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर ।

## नकली दवाओं को बढ़ावा मानव समाज का सबसे बड़ा दुश्मन –नरेश मोहन डीएलओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर का वार्षिक आमसभा 2023 का आयोजन 12 जनवरी को नगर के अकबर पैलेश होटल पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के डी एल ए श्री नरेश मोहन दीपक एवं विशिष्ट अतिथि डी आई जौनपुर श्री चंद्रेश द्विवेदी तथा अति विशिष्ट अतिथि आई एम ए अध्यक्ष डा अरुण कुमार मिश्र रहे।कार्यक्रम सभा की अध्यक्षता शकील अहमद ने किया। शकील अहमद ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से किया।मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया,आगे उन्होंने ऑनलाइन मेडिसिन,नकली दवाओं से बचने और निगाह रखने की जरूरत बताया,उन्होंने कहा कि फरवरी में अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में हल्ला बोल का कार्यक्रम किया जाएगा जिसका आयोजन ब्लॉक व तहसील लेवल से शुरुआत होगी उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दवा की खरीद अपने निकटवर्ती स्टॉकिस्ट्स भाईयो से खरीदें और नकली या अधोमानक दवाओं से बचें, ए आई ओ सी डी के वोकल फार लोकल के नारे को दोहराया और इस बात पर चिंता व्यक्त किए रिटेल में 20 प्रतिशत के डिस्काउंट से दवा व्यवसाय और ग्राहकों दोनो का नुकसान हो रहा है,ज्यादा डिस्काउंट के चक्कर में नकली या अधोमानक दवाइयों की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री चंद्रेश द्विवेदी को जिले एक वर्ष पूरे होने पर अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष ने बुके दे कर शुभकामना दिए,ड्रग इंस्पेक्टर महोदय ने दवा दुकान चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि यदि आप बिल से दवा खरीदते है तो आप सुरक्षित है।अतिविशिष्ट अतिथि डा अरुण कुमार मिश्र ने स्वामी विवेकानंद को जन्म दिवस पर उन्हें याद किया, उन्होंने नकली व अधोमानक दवाओं पर चिंता व्यक्त किया उन्होंने कहा कि मैं अपने चिकित्सक बंधुओं से कहता हूं यदि



मरीज को अपने परिवार का मान कर इलाज करे तो गलत एवं अनावश्यक दवाएं नही लिखी जाएंगी डा मिश्र ने आगे कहा कि आई एम ए और इस संस्था से समन्वय रखने प्रयास किया जाएगा जिससे गलत दवाओं को स्थान न मिले। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री नरेश मोहन दीपक ने अपने उद्बोधन में नकली दवाओं को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बताया और इस व्यापार में लिप्त लोगो को समाज का सबसे बड़ा अपराधी बताया उन्होंने कहा कि अपने कार्य काल ऐसे अपराधियों से बेखौफ लड़ा और आगे लड़ता रहूंगा।अतिथियों को संस्था की तरफ से श्री दिवाकर सिंह,शकील अहमद,अरुण त्रिपाठी और संजय सिंह ने स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। संरक्षक श्री राजेश सिंह ने संस्था के कार्यवाहक महामंत्री श्री श्याम सिंह को जोन महामंत्री चुने पर स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस के जोनल हेड श्री पारिख ने बैंक की विभिन्न स्कीम्स को बताया और सेवा का अवसर मांगा,मुंगराबादशाहपुर,मछली शहर,सुजानगंज,शाहगंज बदलापुर और शहर के संस्था के पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यों ने डी एल ए और डी आई को माल्यार्पण कर सम्मानित किया, मंचस्थ संस्था के चेयरमैन श्री अखिलेश श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष श्री बंशी धर मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया,संरक्षक श्री राजदेव यादव ने मंचस्थ एवं सभा में आए आगंतुकों का आभार प्रकट किया।मंच की व्यवस्था प्रशांत मौर्य,अमित कुमार साहू,रामकृपाल जायसवाल और पंकज दिवेदी ने किया मंच का संचालन संस्था के मीडिया प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने किया।

## सरकार ने शिक्षा को संस्कार रोजगार और तकनीकी से जोड़ा –शिक्षा मंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी हाल में गुरुवार को अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कुछ शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि विवेकानंद जी व्यक्ति नहीं देश के विचार थे। उनके विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। विवेकानंद के चिर यौवन विचार हमें सदा ऊर्जा देते रहे है। शक्तिशाली भारत का निर्माण होगा विश्वविद्यालय और खेल के मैदानों से । उन्होंने शिक्षा और खेल के महत्व को एक साथ कितने साल पहले व्यक्त किया था। नई शिक्षा नीति में नई चिंतन और नई सोच का विकास समाहित है। लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति में भारतीय महापुरुषों के विचारों को हमसे दूर किया गया। नई शिक्षा नीति के मूल बिंदु में शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीकी से जोड़ा गया है। नकल और वोट के खेल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश के शिक्षा का बेड़ा गर्क गैर भाजपा की सरकारों ने कर दिया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज ऐसे महापुरुष की जयंती है जो कि युवाओं को प्रोत्साहित करता है। मैं भी उन्हीं से प्रेरणा लेता हूं। उन्होंने विवेकानन्द पर विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को बैंकों की डिजीटल सुविधा के बारे में अवगत कराया। अध्यक्षता करतीं हुईं कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शिक्षा हमें समाज में रहने लायक बनातीं है। शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय के सभी लोगों ने कड़ी मेहनत करके कार्यों को संभाला जिससे कार्यक्रम सफल हुआ। विश्वविद्यालय अपनी दूरगामी



सोच से अपने रफ्तार से सही कदम उठा रहा है। अतिथियों और युवा महोत्सव का संक्षिप्त परिचय प्रो. अजय द्विवेदी ने दिया। संचालन डॉ. मनोज मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डा. गिरधर मिश्र ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मुराद अली, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.विजय सिंह, महामंत्री डॉ. राहुल सिंह, प्रो. सुरेश पाठक, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. रसिकेश, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. राजकुमार, प्रो. राकेश यादव, डॉ. राजबहादुर यादव, पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार, शाखा प्रबंधक राम बहादुर, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह, अमृत लाल, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर, महामंत्री रमेश यादव आदि उपस्थित थे।

## थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध में सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल



पर्यवेक्षण व निर्देशन में थानाध्यक्ष मुगराबादशाहपुर श्री विवेक कुमार तिवारी मय चौकी प्रभारी सतहरियां उ0नि0 संजय सिंह मय हमराह व थाना मछलीशहर जौनपुर के संयुक्त टीम द्वारा आज दिनाकं 13.01.2023 को दो संदिग्ध शमशाद अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम बैरमपुर सुवांसा थाना फत्तनपुर जनपद जौनपुर व रोहित कुमार सरोज पुत्र रासमुझ सरोज निवासी ग्राम घुरीपुर सुंवसा थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ , प्रतापगढ़ हाइवे से आते हुए प्रतापगढ तिराहे से करीब 08.05 बजे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से लूट की एक अदद वीवो फोन, आधार कार्ड व 470 रुपये बरामद किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध पहले से पंजीकृत मु0अ0सं0 008/2023 धारा 392/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर में नाम प्रकाश में लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । बरामदगी – 1.एक मोबाइल vivo ।2.एक अदद आधार कार्ड । 3.नकद 470 रुपया । 4. एक अदद मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त) अपाचे up70av3657 । 5. एक अदद पर्स । नाम पता अभियुक्त– 1. शमशाद अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम बैरमपुर सुवांसा थाना फत्तनपुर जनपद जौनपुर उम्र 32 वर्ष । 2. रोहित कुमार सरोज पुत्र रासमुझ सरोज निवासी ग्राम घुरीपुर सुंवसा थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष। अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास 1.मु0अ0सं0 008/2023 धारा 392/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 306/2022 धारा 379/411 भादवि थाना मुगगराबादशाहपुर जौनपुर । 3. मु0अ0सं0 265/2022 धारा 392/411 भादवि थाना मुगगराबादशाहपुर जौनपुर । गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री विवेक कुमार तिवारी थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2.उ0नि0 संजय कुमार सिंह थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 3.हे0का0 सुरेश चन्द्र थाना मुगराबादशसाहपुर जौनपुर । 4.का0 संतोष कुमार यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 5.का0 अभिमन्यु यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 6.का0 रवि प्रकाश यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 7.उ0नि0 सैय्यद हसन जाफर रिजवी थाना मछलीशहर जौनपुर 8. हे0का0 वेद प्रकाश यादव थाना मछलीशहर जौनपुर ।

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह : स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक ज्ञान से सुगंधित हो रही है सभी दिशाएं –डॉ सुभाष चंद्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं दर्शन पर संगोष्ठी नेहरू युवा केंद्र जौनपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार) सहयोग सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर द्वारा आयोजित किया गया । जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीआरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक ज्ञान से सभी दिशाएं सुगंधित हो रही है स्वामी विवेकानंद का संदेश शांति का प्रतीक है उनका वेद वेदांत ही भारतीय दर्शन है। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि दुनिया को शूंय को का संदेश देकर आध्यात्मिक शिखर पर पूरी दुनिया को रोशनी दी स्वामी विवेकानंद ने। साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा कि आशा सभी अधूरी अब तक संत विवेकानंद की कविता पड़ी तो पूरा माहौल बदल गया। साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर अपना काव्य पाठ किया। भानुजा शरन लाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का दर्शन पूरी दुनिया को अलौकिक करता है। प्रमोद कुमार प्रजापति ने कहा कि उनका कर्मयोग हमें आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत है। डॉ विमल श्रीवास्तव ने कहा कि शिकागो में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जब स्वामी विवेकानंद ने अमेरिकी भाइयों एवं बहनों इतना कहा कि पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। उनका संदेश मानवता का संदेश है। उक्त




अवसर पर प्रकाश चंद यादव अमरीश पांडे वीरेंद्र कुमार गुप्ता राजकुमार राजू चंद्र प्रताप सिंह प्रेम कुमार यादव अनिल कुमार यादव संतोष श्रीवास्तव और प्रीति श्रीवास्तव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव अनिल कुमार श्रीवास्तव विवेक कुमार सिंह मनोज कुमार वर्मा जितेंद्र कुमार शशि प्रकाश जितेंद्र यादव विमल कुमार यादव विजय बहादुर यादव फूलचंद भारती कैलाश नाथ यादव बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय अब्दुल हक अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे ।अंत में कार्यक्रम संयोजक पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय संजय उपाध्याय ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर डॉक्टर सुबाष चंद्र सिंह ,सभा जी द्विवेदी प्रखर, साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ,जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय को सम्मानित किया। गया। संजय उपाध्याय ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत युवाओं को प्रशिक्षित प्रेरित किया जाएगा।

### सभी को अपनी कमाई का एक हिस्सा दान करना चाहिए –सीमा द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्सा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सहोदरपुर में जनहित सोसाइटी की अध्यक्ष सुनीता सिंह के द्वारा वृहद कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत 1000 जरूरतमंद को कम्बल पांच सौ महिलाओ को साडी व मकर संक्रान्ति पर्व को देखते हुए राशन का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि ठंड के मौसम में कम्बल वितरण का कार्य बड़ा ही नेक कार्य है। सभी व्यक्ति को कमाई का एक हिस्सा दान करना चाहिए। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस कार्य में आगे आने की अपील की। सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने कहा कि अध्यक्ष जनहित सोसायटी सुनीता सिंह निःस्वार्थ पूरे देश में गरीबों की सेवा कर रही है जिसके लिए उन्हें हृदय से साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे पुनीत कार्य है। पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र व उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट कृपाशंकर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री के मंशानुरूप कार्य किया जा रहा है। जनपद में भी बड़े पैमाने पर निवेश होने जा रहा है। उन्होंने हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि कृपाशंकर हमेशा गांव के विकास की बातें करते है उनकी गांव से जुड़ाव सभी को प्रेरणा देता है। पूर्व में भी अनेकों कार्य किये सहित अन्य उपस्थित रहे। गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया की जिले के लिए इंवेस्टर समिट की योजना बनाई गई है जिसमें बड़े बड़े उद्योग एवं फैक्टरी लगाए जाने पर विचार किये



जायेंगे जिसके उपरांत गांव वालों को रोजगार के लिए अन्य शहरों को नहीं जाना पड़ेगा। डीआईजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने कहा कि बहुत अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व गृह राज्यमंत्री के द्वारा गाँव वालों को अपने परिवार की तरह समझकर कम्बल वितरण किया जा रहा है। पुलिस की टीम सभी के लिए हमेशा उपलब्ध है। जनहित सोसाइटी की अध्यक्ष सुनीता सिंह ने कहा कि हमारी संस्था जौनपुर मे प्रतिवर्ष एक हजार असहाय जरूरत मंद लोगो को कंबल व पांच सौ महिलाओ में साडी का वितरण करती है जिसके मददेनजर आज यहा पर आप सभी माननीयो के हाथो वितरण किया गया। जिससे कि ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से निजात मिल सके। इस अवसर पर अपर मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह श्यामराज सिंह डॉ विकास सिंह डॉ नमिता सिंह बीडीओ राजीव सिंह प्रो शिव कुमार ग्राम प्रधान जड़ावती सिंह सहित अन्य उपस्थित रही है।

## रामपुर जौनपुर में 17 जनवरी को होगा रोजगार मेला उत्सव' का आयोजन

जौनपुर सू.वि.: जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आकांक्षात्मक विकास खण्ड मुख्यालय रामपुर जौनपुर में 'रोजगार मेला उत्सव' का आयोजन 17 जनवरी 2023 को प्रातः 10:00 बजे से किया गया है। जिसमें विभिन्न कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण 500 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते, एवं वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## दबंग ठेकेदार के आगे अधिकारी हुए अपंग : काम के पहले 80 परसेंट हो चुका है भुगतान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नगर पंचायत उनवल में आमी पुल के बगल के बाईपास पर लगभग 83 लाख की लागत का चार मद का टेंडर हुआ था जिसमें पोल,लाइट,तार और पोल की फिक्सिंग का कार्य सामिल है,विगत कुछ दिनों पूर्व जब उक्त कार्य को ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था उस वक्त स्थानीय लोगो ने ठेकेदार पर आरोप लगाया कि पिच के सटे बे तरतीब तरीके से मानक के विपरीत पोलो की फिक्सिंग(जाम)की जा रही है लोगो के विरोध पर ईओ,जेई व नगअध्यक्ष उमाशंकर निषाद द्वारा कार्य का भौतिक सत्यापन कर ठेकेदार द्वारा किये गए कार्य को रोकने को कह पोल को पिच से कम से कम एक से डेढ़ मीटर की दूरी पर पोल को लगाने और जो भी मानक है उसका उचित ढंग से प्रयोग करके ही कार्य करने के लिए आदेशित किया पर कुछ दिनों कार्य रोकने के बाद जिम्मेदार ठेकेदार ने अधिकारियों और कुछ सम्भ्रान्त लोगो को मैनेज कर बिना पोल हटाए उन सभी पोलो को जाम करवा दिया। बतादे बिना काम हुए ठेकेदार को 80 प्रतिशत पेमेंट पहले ही निकासित हो चुकी हैं अभी काम के नाम पर 20 से 25 प्रतिशत काम किया गया



है,बिना काम पैसे का पेमेंट कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है और यहाँ ठेकेदार खुलेआम मानक की धज्जियां उड़ा रहा है। जे.ई. इलेक्ट्रिकल नगर पंचायत शशिकांत गुप्ता का कहना है ठेकेदार के खिलाफ अनुशासशमक कारवाही किया जायेगा। उक्त के सम्बंध में ईओ उनवल संजय कुमार सरोज ने बताया कि हमने ठेकेदार के विरुद्ध दुबारा नोटिस जारी किया है वह जो भी कार्य किया है अपनी मर्जी से किया है।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत आरटीओ विभाग के कर्मियों ने वाहन चालकों को किया जागरुक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)आरटीओ विभाग द्वारा मनाया जा रहा सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात नियमों को तोड़ रहे चालकों को जागरूक किया गया।इस मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि परिवहन विभाग द्वारा वर्षभर चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की जाती है।जबकि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य है कि यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को प्रेरित किया जाए।केवल चेकिंग कर जुर्माना वसूलना विभाग का लक्ष्य नहीं है, विभाग की मंशा सड़क हादसों में कमी भी लाना है।उन्होंने कहा कि इस समय हो रहे सड़क हादसों में जान गवाने वालों की संख्या में युवा शामिल है।जोकि अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने वाहन चालकों को जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट सीट बेल्ट के नियमित प्रयोग से सड़क हादसों में मृतकों की संख्या



को कम किया जा सकता है । दोपहिया वाहनों के सड़क हादसों में मौत का बड़ा कारण हेड इंजरी है जिसे हेलमेट लगाकर रोका जा सकता है। हेलमेट सुरक्षा का वो ताज है जो सिर को सुरक्षित रखता है।इस अभियान के दौरान यातायात चिन्ह युक्त पंपलेट भी बांटे गए। इस मौके पर प्रभारी एआरटीओ प्रवर्तन संदीप चौधरी, यात्री कर अधिकारी खुर्शीद ,राम सिंह, दुर्गेश सिंह, बाल गोविंद उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# माघ मेला प्रयागराज : माघ मेलाधिकारी व मेला प्रभारी ने भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मीडिया सेल माघ मेला प्रयागराज के मुताबिक माघ मेला 2023 के द्वितीय स्नान पर्व मकर संक्रांति को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये गुरुवार को मेलाधिकारी अरविंद चौहान आईएएस के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के द्वारा मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।वही भ्रमण के दौरान संगम नोज पहुंचकर मेलाधिकारी श्री चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर मिश्र के द्वारा थाना प्रभारी संगम से पार्किंग व्यवस्था,यातायात बैरिकेडिंग व्यवस्था के संबंध में व जल पुलिस प्रभारी से स्नान घाट, जल डीपवाटर बैरिकेडिंग के संबंध में वार्ता की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस मौके पर इन दोनों अधिकारियों ने अपने भ्रमण/निरीक्षण के दौरान खाकचौक,प्राचीन गंगा,कल्पवासी झूंसी,प्रयागवाल के थाना प्रभारियों से मिलकर कल्पवास करने आए कल्पवासी



के संबंध में जानकारी ली गई,कल्पवासियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो जिस संबंध में ड्यूटी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वही ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को सचेत रहने तथा स्नानार्थियों/कल्पवासियों से मानवीय व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया जिससे मेला पुलिस की उत्कृष्ट छवि निखर कर सामने आये। इस मौके पर भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल भी साथ–साथ मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री के बयान के विपरीत जारी हुई परीक्षा केन्द्रो की निर्धारित दूरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट कक्षाओं की परीक्षा संबंधी कार्यक्रम जारी हो चुके हैं परीक्षा केंद्रों का निर्धारण भी किया जा चुका है लेकिन इसी के साथ शिकायतों का आना भी शुरू हो गया है अयोध्या आगमन पर शिक्षा मंत्री के द्वारा जारी बयान में यह आश्वासन दिया गया था लड़कियों के परीक्षा केंद्र के संबंध में जिनकी दूरी 5 किलोमीटर व लड़कों के संबंध में परीक्षा केंद्रों की दूरी 8 किलोमीटर रखी जाएगी लेकिन परीक्षा केंद्रों की दूरी बयान के विपरीत निर्धारित की गई है जिन की दूरी 20 से 22 किलोमीटर तक है इसके संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रत्यावेदन भी कई बार दिया जा चुका है जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आश्वासन भी दिया गया था विगत 7 जनवरी के बाद इसको सही करा दिया जाएगा लेकिन विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य के द्वारा प्रत्यावेदन दिए जाने के बाद व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों की दूरी को पुनः निर्धारित करने के आश्वासन के बाद भी कोई परिवर्तन परीक्षा केंद्रों के संबंध में नहीं किया गया जिसकी शिकायतें विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा लगातार की जा रही हैं मामले में क्या होता है भविष्य की बात है लेकिन एक बात तो स्पष्ट है की सत्ता के मंत्री के बयान नीति निर्धारण में कोई मायने नहीं रखते।

# बंदियों तक पहुंची समाज सेवी शिवेंद्र सिंह की समाज सेवा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में समाज सेवा को अपनी पहचान बना चुके पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समाजसेवी शिवेंद्र सिंह ने गुरुवार को एक बार फिर अपनी इस "पहचान"को चर्चा में ला दिया। करीब सप्ताह भर पहले ही विशाल कंबल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के विराट आयोजन के बाद यह खास मौका था मंडल कारागार में करीब पांच सौ से अधिक बंदियों को कंबल वितरण कराने का जिसके साक्षी जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्रा व समाजसेवी शैलेंद्र मोहन मिश्रा उर्फ छोटे भी बन गए।कारागार परिसर में इन सभी की मौजूदगी में कंबल वितरण के बाद बंदियों को इस हाडकंपाउं ठंड से जितनी राहत और सुकून मिलने के कयास लगाए जा रहे हैं उससे कहीं ज्यादा राहत और सुकून के कयास समाजसेवी श्री सिंह के उस बयान से लगाए जा रहे हैं जिसमें उनका साफ कहना था कि समाज सेवा के क्षेत्र में हमारा प्रयास अंतिम व्यक्ति को उसकी मूलभूत आवश्यकता के सामानों को पहुंचाने का रहता है,जो सतत जारी रहेगा।मंडल कारागार परिसर में बंदियों तक यह राहत रूपी कंबल पहुंचाने का कार्यक्रम गुरुवार की लगभग पूर्वाह्न उस वक्त शुरू हुआ जब समाजसेवी पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने इस बाबत जेल अधीक्षक श्री मिश्रा से संपर्क किया और कुछ ही देर बाद कंबलों की लाट और अपने सहयोगियों के साथ मंडल कारागार पहुंच गए।यहां उन्होंने जेल अधीक्षक श्री मिश्रा को इन कंबलों की लाट सौंप दी और इसे सौपने के साथ बंदियों की किसी भी आवश्यकता पर तत्काल उन्हें सूचित करने का आग्रह भी किया।समाजसेवी श्री सिंह के इस भावना की जेल अधीक्षक श्री मिश्रा ने मुक्त कंठ से सराहना की और युवाओं को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही।।इस दौरान पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समाज सेवी श्री सिंह के साथ छात्रसंघ अध्यक्ष आलोक सिंह,समाजसेवी आशीष सिंह,राजन सिंह सूर्यवंशी,बोनी सिंह,करन मौर्या, सुजीत विक्रम सिंह'सनी',संत कुमार मिश्रा,दिव्यांशु सिंह व सोनू सिंह मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में डीआईजी अयोध्या ने रेंज के जिला पुलिस प्रमुखों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को उप पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने कार्यालय पर रेंज के सभी जिला के एसएसपी/एसपी के साथ मासिक समीक्षा बैठक किया।इस मौके पर उन्होंने सभी पुलिस प्रमुखों को अपराध रोकने व कानून–व्यवस्था को कायम रखने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री सिंह ने जिले के सभी के पुलिस प्रमुखों को जिले में होने वाले अपराधों के रोकथाम हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत गैंगेस्टर अपराधियों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही कराये जाने, विशेष अपराध के लम्बित अभियोगों/वांछित अपराधियों के विरूद्ध तत्काल नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने/महिला सम्बन्धी अपराधों में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सम्बन्धी अपराधों में देय आर्थिक सहायता हेतु लम्बित प्रस्ताव को सम्बन्धित को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये।उसके अलावा उन्होंने अपहृत/अपहृताओं की शत–प्रतिशत बरामदगी/जब्तशुदा वाहनों के निस्तारण एवं आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्पडेस्क पर प्राप्त



शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किये जाने व डायल–112 का रिस्पान्स टाईम सम्बंधी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।इस मौके पर मुनिराज जी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या,सोमेन वर्मा पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर,दिनेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी, इलामारन जी0 व पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी एवं श्री अजीत कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक जनपद अम्बेडकरनगर मौजूद रहे।

# सट्टा खेलने वाले एक दर्जन से अधिक आरोपियों को कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम ने सट्टा खेलने वाले एक दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी, मोबाइल, सट्टा पर्ची, मोटरसाइकिल आदि बरामद किया। वही मौके से सट्टा खेलाने वाला मुख्य आरोपी फरार हो गया। कोतवाली नगर प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह एवं स्वाट टीम प्रभारी मोहम्मद अरशद व वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली नगर ओम प्रकाश के नेतृत्व मे राम प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी रिकाबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद–अयोध्या,धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना को0नगर, जनपद–अयोध्या,उप निरीक्षक मोहम्मद अखतर थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या के साथ बुधवार को मोहल्ला कंधारी बजार रिकाबगंज में कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ के के गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता के घर पर छापा मारकर सट्टा खेलते हुये तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में नगदी व सट्टा पर्ची, मोबाइल फोन, मोटर साइकिल आदि की बरामदगी की गयी है।वही इस मौके पर मौके का फायदा उठाकर सट्टा खिलवा रहे मुख्य आरोपी कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ के के गुप्ता फरार हो गया।पुलिस ने गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान कैफी पुत्र स्वर्गीय लाडले नवाब निवासी मकान नंबर 4/4/96 कश्मीरी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर अयोध्या,रियाज अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी मकान नंबर 2/5/88 कन्धारी बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,बृजेश सिंह पुत्र स्वर्गीय



देवनरायन सिंह निवासी भीखनपुर थाना कैण्ट जनपद अयोध्या, अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी मुकेरी टोला उर्मिला भवन थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,पवन जायसवाल पुत्र स्वर्गीय लालजी जायसवाल निवासी सहादतगंज थाना कैण्ट जनपद अयोध्या,करन यादव पुत्र स्वर्गीय रामजश यादव निवासी मैसानिक लाज थाना कैण्ट जनपद अयोध्या, राम सरन यादव पुत्र स्वर्गीय रामदुलारे निवासी मिर्जापुर सहादतगंज थाना कैण्ट जनपद अयोध्या,नसीम पुत्र ताहौवर निवासी हसनू कटरा थाना कैण्ट अयोध्या मूल निवास ग्राम चिर्रा थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी,मो0 शकील पुत्र मोहम्मद खलील निवासी सनाहा थाना रौनाही जनपद अयोध्या,शनि निषाद पुत्र ननकन निषाद निवासी निषादनगर रेतिया थाना कैण्ट जनपद अयोध्या,तीरथलाल यादव पुत्र झगरू प्रसाद यादव निवासी पंचपेड़ा पोस्ट जमेठी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़,अशरफ अली पुत्र स्व0 उम्मेद अली निवासी मुरावन टोला सहादतगंज थाना कैण्ट जनपद अयोध्या व दिलीप कुमार पुत्र श्री हरगोविन्द निवासी म0नं0 498 बल्ला हाता रिकाबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या के रुप में किया।वही भागे हुये आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ के0के0 गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी कंधारी बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद12450 रुपये,सट्टा रजिस्टर, सट्टा पर्ची, मोबाइल फोन,इलेक्ट्रानिक कैल्कुलेटर,पेन,डायरी दो बाइक जिनमें एक मोटर साइकिल व एक बिना नंबर की स्कूटी बरामद किया।

# योजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में करें पूर्ण –नितीश कुमार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण करें तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारी अपने–अपने विभाग से सम्बंधित निर्माण कार्यो का स्वयं भी नियमित निरीक्षण करें। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी व अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड को देवगांव, सुनवां व कुमारगंज के निर्माणाधीन चिकित्सालयों की मौके पर जाकर गुणवत्ता की जांच करने तथा प्राप्त कमियों को तत्काल कार्यदायी संस्था द्वारा दूर कराकर शीघ्र अति शीघ्र समस्त कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (गोल्डन कार्ड) से समस्त पात्र लाभार्थियों को आच्छादित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शासन की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया तथा समस्त योजनाओं को पारदर्शी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डी0एफ0ओ0, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/डी0पी0आर0ओ0, डी0डी0ओ0, पी0डी0(डी0आर0डी0ए0), बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सम्बंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होंगे अयोध्या के कैडेट्स : साकेत महाविद्यालय के हैं विद्यार्थी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली परेड में जिले के तीन एनसीसी (नेवल विंग) कैडेट्स शामिल होंगे। साथ ही एनसीसी नेवल विंग की एक कैडेट कुमारी अनीता निषाद ने नौ सैनिक कैंप विशाखापत्तनम में प्रतिभाग किया। यह चारों कैडेट्स साकेत महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। यह जानकारी देते हुए साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स का परेड में शामिल होना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।उन्होंने बताया कि तीनों एनसीसी (नेवल विंग) कैडेट्स सचिन यादव बीए द्वितीय वर्ष, अमित मौर्य तृतीय वर्ष व राधा यादव तृतीय वर्ष के विद्यार्थी हैं। सचिन यादव के पिता किसान, अमित मौर्य के पिता व्यवसायी, अनीता निषाद के पिता का व्यवसाय नाव बनाना है। जबकि राधा यादव के पिता किसान हैं। गणतंत्र दिवस की परेड में महाविद्यालय के एक साथ तीन एनसीसी कैडेट्स का शामिल होना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात हैं, इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित नेट बॉल विजेता खिलाड़ियों को कुलपति द्वारा किया गया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर के अंतर महाविद्यालयीय नेट बॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग विजेताओ को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा सम्मानित किया गया। बुधवार को राजा देवी बक्स सिंह अवधराज सिंह महाविधालय गोण्डा में आयोजित नेट बॉल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय आवासीय परिसर विजेता रहा। वहीं उपविजेता राजा देवी बक्स सिंह अवधराज सिंह महाविद्यालय, गोण्डा रहा। दूसरी ओर बालिका वर्ग में विजेता राजा देवी बक्स सिंह अवधराज सिंह महाविधालय ,गोण्डा एवं उपविजेता अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर रहा, टीम मैनेजर डॉ महेंद्र पाल सिंह व टीम कोच श्री कुमारमंगलम सिंह रहे। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों के विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी आवासीय परिसर डॉ मुकेश कुमार वर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# निराश्रित गौवंशो की समस्या का होगा स्थायी समाधान : सभी ग्राम पंचायतों में बनेंगे निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के स्थायी व अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की अनुश्रवणार्थ जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशो के संरक्षण एवं निराश्रित गोवंशो से सम्बंधित किसानों एवं जनसामान्य की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में तीव्र गति से कार्य करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने जनपद के प्रत्येक गांव में निराश्रित गौवंशों की समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु एक नई पहल "हमारा गाँव, हमारी जिम्मेदारी" 'हर गाँव गौशाला' का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान अपने–अपने क्षेत्र में स्थित चारागाह/नवीन परती/बंजर भूमि पर नियमानुसार मनरेगा/ग्राम निधि से अस्थायी/स्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण करा सकते हैं। इसी क्रम में उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को जनपद के समस्त गाँवों में निराश्रित गोवंशों की समस्याओं के स्थायी समाधान सुनिश्चित करने हेतु समस्त ग्राम प्रधानों/सचिवों को प्रेरित कर उनके गाँव में स्थित चारागाह/नवीन परती/बंजर भूमि पर अस्थायी/स्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल बनाने हेतु ग्रामसभा की बैठक में नियमानुसार प्रस्ताव स्वीकृत कराकर यथाशीघ्र अस्थायी/स्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का संचालन प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन आश्रय स्थलों के संचालन से सभी ग्राम प्रधान अपने–अपने क्षेत्र के निराश्रित गोवंशों को उसमें संरक्षित कर निराश्रित गोवंशों की समस्या का स्थायी समाधान करा सकते हैं। उन्होंने इन गौशालाओं के संचालन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुये कहा कि गौशालाओं में गौवंशो के भरणदृपोषण हेतु 30 रूपये प्रति गौवंश रोजाना की दर से सरकार उपलब्ध कराती है। इसी के साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधानों को अपनी पंचायत के अन्तर्गत आने वाले चारागाह की भूमि पर स्वयं हरे चारे की व्यवस्था करने तथा गोबर से भी आय का साधन सृजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में अपना–अपना निराश्रित गौ आश्रय स्थल होने व उसका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने से निराश्रित गौवंशो की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में वर्तमान में निर्माणाधीन समस्त गौ–आश्रय स्थलों को शीघ्र पूर्ण कर उसका संचालन सुनिश्चित करने, जनपद के सभी विकास खण्डों में कैटिल कैचर क्रय कर उसे क्रियाशील करने के निर्देश दिये। उन्होंने शत–प्रतिशत गौवंशों का ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 34 गौ–आश्रय स्थलों में 10010 पशु संरक्षित किये गये है। इसी के साथ ही जनपद के विभिन्न ब्लाकों में वर्तमान में कुल 29 अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल निर्माणाधीन है। जिलाधिकारी ने सभी निर्माणाधीन आश्रय स्थलों को शीघ्र पूर्ण एवं क्रियाशील करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद के समस्त अधिशाषी अधिकारियों एवं अपर नगर आयुक्त नगर निगम को शहरी क्षेत्र में अवशेष निराश्रित गौवंशों को भी आश्रय स्थलों में संरक्षित करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रभारी सी0वी0ओ0 ने बताया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य 2309 के सापेक्ष माह दिसम्बर 2022 तक 2093 गौवंशो की सुपुर्दगी दी गयी है। जिलाधिकारी ने सुपुर्दगी के लक्ष्य पूर्ति हेतु कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों के परिवारों एवं अन्य लाभार्थियों को गोवंशों की सुपुर्दगी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत सुपुर्द किये गये गौवंशो के लाभार्थियों एवं गौवंशो के भरण पोषण हेतु प्रदान की जा रही धनराशि का शत प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन घटक) के लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित समस्त निराश्रित गौआश्रय स्थलों पर गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु आवश्यकतानुसार पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु पशु चिकित्साधिकारियों/उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त गौशालाओं में पशुओं को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त सुविधायें सुनिश्चित रखने हेतु समस्त पशु चिकित्साधिकारियों/उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित समस्त पशु चिकित्साधिकारी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदुत्व और हिंदू सनातन संस्कृति के प्रति सदैव समर्पित रहे स्वामी विवेकानंद– मनीष पांडेय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत के ज्ञान संस्कृति और सभ्यता तथा हिंदू सनातन धर्म की धर्म ध्वजा को विश्व में प्रचारित करने का कार्य करने वाले वेदांत मर्मज्ञ स्वामी विवेकानंद160 वीं जयंती के अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया इस अवसर पर श्री पांडेय ने कहा कि विश्व को भक्ति योग कर्म योग और ज्ञान योग का सिद्धांत देने वाले स्वामी विवेकानंद हिंदुत्व और हिंदू सनातन संस्कृति के प्रति हमेशा समर्पित रहे शिकागो में दिया गया उनका भाषण विश्व भर में भारतीय सनातन संस्कृति कि अमिट छाप छोड़ने में सफल रहा था, उनके विचारों से युवाओं को प्रेरणा लेकर भारत को और अधिक सशक्त उन्नतशील बनाकर भारत को विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया जा सकता है।

# सरकारी कर्मी नियमित रूप से गावों में बैठकर करें आम जनता का कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरकारी कर्मी नियमित रूप से गावों में बैठकर आम जनता का कार्य करें इसलिए प्रदेश सरकार ने लाखों खर्च कर पंचायत भवन बनाया , लेकिन पंचायत सचिव के न आने से ग्रामीणों को कार्य कराने के लिए ब्लाक तक चक्कर लगाना पड़ रहा है । सचिव को बदलने की मांग करते हुए ग्राम प्रधान ने बीडीओ से शिकायती पत्र दिया किन्तु अभी तक सचिव पर कोई कार्यवाही न होने से ग्राम प्रधान में खासी नाराजगी है । तारुन विकास खण्ड के फतेहपुर कमासिन के ग्राम प्रधान कृपा शंकर गिरि व धौरहरा के ग्राम प्रधान अमित कुमार ने खण्ड विकास अधिकारी तारुन को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गाँव मे नियुक्त ग्राम पंचायत सचिव शाश्वत अचारी के ग्राम सभा मे न आने व ब्लाक पर भी न मिलने से गाँव वासियों को परिवार रजिस्टर की नकल ,जन्म मृत्यु का प्रमाणपत्र बनवाने के लिए भटकना पड़ रहा है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।